पत्र संख्याः–पी0–04 / 43–38–34–2021 / 203

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

पटना, दिनांक :–13.06.2023

सेवा में,

वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर।

पुलिस अधीक्षक, सारण।

विषयः– **केन्द्रीय अनुकंपा समिति की अनुशंसा के उपरान्त आवेदकोंको अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में।**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पुलिस मुख्यालय एवं संलग्न कार्यालयों के मृत पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–23.05.2017, तदनुसार पुलिस मुख्यालय के ज्ञापांक–6860 / पी0–03, दिनांक–13.08.2017 के आलोक में केन्द्रीय अनुकंपा समिति की बैठक दिनांक–14.03.2023 को आयोजित की गयी। उक्त बैठक में समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में क्रमांक–1 एवं 2 के आवेदक को उनके नाम के सामने कॉलम–06 में आवंटित कार्यालय में अनुकंपा के आधार पर सिपाही / समूह–घ के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित किया जाता हैः–

क्र0 सं0	**आश्रित / मृतक का नाम / पदनाम / अंतिम पदस्थापन / मृत्यु की तिथि / मृतक से संबंध / कोटि**	**पद का नाम**	**आवेदक का पिता / पति की मृत्यु की तिथि को उम्र तथा शारीरिक माप**	**गृह जिला**	**आवंटित कार्यालय का नाम**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**
1.	मुकेश कुमार / स्व0 विजेन्द्र राम / परिचारी / बिहार पुलिस रेडियो (वितंतु) / 16.02.2022 / पुत्र / अनु0 जाति	समूह–घ (अनुचर)	उम्र–23 वर्ष 01 माह 15 दिन	पटना	**सारण**
2.	अभिषेक कुमार / स्व0 नमो नारायण यादव / सिपाही / अप0 अनु0 विभाग, पटना / 24.03.2011 / पुत्र / अनारक्षित (उत्तर प्रदेश का मूल निवासी)	सिपाही	ऊँचाई–175 से0मी0 सीना–88–94 से0मी0 उम्र–08 वर्ष 05 माह 08 दिन (वर्त्तमान उम्र–19 वर्ष 04 माह 12 दिन)	बलिया (उत्तर प्रदेश)	**मुजफ्फरपुर**

1. संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि आवेदकों की नियुक्ति से पूर्व उनकी जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अनियोजन प्रमाण–पत्र एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों का सत्यापन करा लेने के पश्चात भली भाँतिपूर्वक संतुष्ट होने के उपरान्त उनकी नियुक्ति हेतु नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई की जाय।

2. उपर्युक्त क्रमांक–1 एवं 2 के आवेदकों का पुलिस मुख्यालय में रक्षित सभी कागजात मूल में आवेदकों को नियुक्ति हेतु आवंटित कार्यालय को भेजी जा रही है।

प्रस्ताव में पुलिस महानिदेशक, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

13/06

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (कल्याण),

बिहार, पटना।

प्रतिलिपि :–

1. संबंधित पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप–महानिरीक्षक, बिहार को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. **पुलिस अधीक्षक**, वितंतु एवं **पुलिस अधीक्षक (सी०)**, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।
   – अनुरोध है कि उपर्युक्त संबंधित आवेदकों का अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति संबंधी आपके कार्यालय में रक्षित अन्य कागजात/अभिलेख (पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराये गये कागजात/प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त) उनके नये आवंटित कार्यालय को अविलम्ब भेज दिया जाय।
3. आई0टी0मैनेजर, पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित।

13/06

पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (कल्याण),
बिहार, पटना।